तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

10 स्वार्थ की नींव पर टिकी आधुनिक मित्रता :...

12 ग्राम पंचायत कनकी में पौधों का रोपण व वितरण




## खबर संक्षेप

### वृद्धाश्रम संचालन के लिए 12अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** समाज कल्याण विभाग, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामसागर तालाब के पीछे स्थित "श्री वाटिका" वृद्धाश्रम बलौदाबाजार के आगामी संचालन के 12 अगस्त 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त अशासकीय स्वैच्छिक संस्थाओं, जिन्हें न्यूनतम तीन वर्ष का वृद्धाश्रम संचालन का अनुभव हो, तथा त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं एवं नगरीय निकाय कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### देवरानी ने जेठानी के साथ की मारपीट

**महासमुंद।** देवर और देवरानी के बीच हो रहे विवाद को सुलझाने गई जेठानी के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली थाने में आरोपी महिला के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सीताराम सिन्हा और उसकी पत्नी ज्योति सिन्हा आपस में विवाद कर रहे थे। इसी दौरान सीताराम ने अपने बड़े भाई भागवत सिन्हा को फोन करके बताया कि उसकी पत्नी ज्योति सिन्हा गाली गलौज कर रही है। इसके बाद भागवत सिन्हा अपनी पत्नी लक्ष्मी सिन्हा के घर उनको समझाने के लिए गए। इस दौरान आरोपी ज्योति सिन्हा ने अपनी जेठानी लक्ष्मी सिन्हा के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सूने घर से नगदी व ज्वेलरी चोरी

**महासमुंद।** सोनापुटी में एक सूने घर से नगदी व ज्वेलरी की चोरी होने की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया जानकी पटेल नेबताया कि वह गमेश पटेल की कमाई के 50000 रुपए उसने अपने कमरे की आलमारी में रखाथा। 20 जुलाई को प्रार्थिया सुबह लगभग 10 बजे अपने पोते को स्कूल भेजकर घर में दरवाजा पर ताला लगाकर खेत गई थी। जब वह लगभग 10.30 बजे अपने घर वापस आई तो देखा कि कमरे और आलमारी का दरवाजा टूटा हुआ था और आलमारी में रखे 50000 रूपये एवं एक नग सोने का खिनवा कीमत लगभग 10000 रुपए नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब की बिक्री कर रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** महुआ शराब की अवैध रूप से बिक्री कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम किया गया है। पुलिस न बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम तिलकपुर रोड आम पेड़ के नीचे में आरोपी हेमसागर चौहान पिता श्रीराम चौहान (32 साल) तिलकपुर थाना बसना बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीबन 07 लीटर देशी हाथ भट्ठी की महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया वहीं दूसरे मामले में ग्राम तिलकपुर रोड पलसा पेड़ के नीचे में आरोपी शिव कुमार चौहान पिता टीकाराम चौहान (36 साल) तिलकपुर के कब्जे से करीबन 08 लीटर देशी हाथ भट्ठी की महुआ शराब कीमत 1600 रुपए को बरामद किया गया। इन मामलों में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

# 60 विकास कार्यों को मिली मंजूरी, शहर के वार्डों में बनेंगी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

## भाटापारा पालिका क्षेत्र में 3.74 करोड़ के 60 विकास कार्यों को मिली स्वीकृति



नगर पालिका परिषद क्षेत्र में सड़क, नाली, जल निकासी और अन्य मूलभूत अधोसंरचना से जुड़े कुल 60 विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ 74 लाख 71 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। राज्य सरकार की इस स्वीकृति से शहर के विभिन्न वार्डों में लंबे समय से आवश्यक विकास कार्यों को गति मिलेगी और नागरिक सुविधाओं के विस्तार का रास्ता साफ होगा। स्वीकृत राशि से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड, बीटी रोड, सड़क सुदृढ़ीकरण, नाली एवं ड्रेनेज निर्माण तथा पुलिया निर्माण जैसे कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से न केवल शहर की सड़क व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि जल निकासी, स्वच्छता और आवागमन से जुड़ी समस्याओं में भी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों की स्वीकृति नगर के संतुलित और सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत कार्यों का चयन वार्डों की आवश्यकता और नागरिकों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर किया गया है।उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद का उद्देश्य विकास को किसी एक क्षेत्र तक सीमित रखना नहीं, बल्कि भाटापारा के प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। शर्मा ने कहा की सभी विकास कार्य शासन के निर्धारित मापदंडों और गुणवत्ता के साथ कराए जाएंगे।

### अब निविदा प्रक्रिया के बाद शुरू होंगे काम

कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अश्वनी शर्मा ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वीकृत सभी विकास कार्यों के लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी की जाएंगी। इसके बाद निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराया जाएगा।

## प्रदर्शन : आधुनिक खेती की दिशा में जिले की ऐतिहासिक उपलब्धि

# किसानों को मिलेगा आजीविका और रोजगार का नया अवसरः टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

## अब समितियों के माध्यम से किसानों को मिलेगी ड्रोन स्प्रेयर की सुविधा

कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने तथा किसानों को वैज्ञानिक एवं उन्नत खेती से जोड़ने की दिशा में जिला बलौदाबाजार -भाटापारा ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जिले की 5 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में ड्रोन स्प्रेयर सुविधा प्रारंभ की गई है।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार को नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार में सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधि -विधान से पूजा -अर्चना कर इस महत्वाकांक्षी पहल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं किसानों की उपस्थिति में रिमझिम फुहारो के बीच प्रशिक्षित ड्रोन पायलटों द्वारा ड्रोन स्प्रेयर का सफल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान ड्रोन तकनीक के माध्यम से उर्वरक एवं कीटनाशकों के सटीक छिड़काव, समय की बचत, लागत में कमी तथा बेहतर कृषि प्रबंधन की उपयोगिता को ▶▶ शेष पेज 11 पर



### इन समितियों में ड्रोन उपलब्ध

जिले में जिन समितियों को ड्रोन स्प्रेयर सुविधा से जोड़ा गया है उनमें बलौदाबाजार, कसडोल, बया, गिर्रा, (पलारी), दामाखेड़ा (सिमगा) शामिल हैं। इन समितियों में लगभग 11 ड्रोन उपलब्ध है। सहकारिता विभाग ने इस वर्ष ड्रोन के माध्यम से लगभग 50 हजार एकड़ में छिड़काव का लक्ष्य रखा है। क्षेत्र के किसानों को आवश्यकता अनुसार ड्रोन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। किसान सम्बंधित समिति में जाकर ड्रोन से छिड़काव के लिये पर्ची कटाएंगे जिसमें छिड़काव तिथि व रकबा बताना होगा। समिति द्वारा तय तिथि पर मय ड्रोन पायलट किसान के खेत पर ड्रोन पहुंचा दिया जाएगा। किसान को खाद या कीटनाशक उपलब्ध कराना होगा।



### कर्मचारियों का हुआ सम्मान

धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 समिति प्रबंधकों, ई पैक्स में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही 9 किसानों को केसीसी चेक वितरण किया गया एवं 2 कृषको को लर्निंग लाइसेंस वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव,रोहित जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### माइक्रो एटीएम और ऑनलाइन सेवाओं से लैस हुई समितियां

जिला सहकारी बैक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों को समृद्ध करने का काम कर रही है। आज कृषि के क्षेत्र में नवीन तकनीक एवं वैज्ञानिक पद्धति का किसान उपयोग कर समृद्ध हो रहे हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि समितियों के माध्यम से अब किसानों को आसानी से ड्रोन से छिड़काव के लिये उपलब्ध होंगे। इसके लिये प्रति एकड़ निर्धारित शुल्क देना होगा। उन्होंने बताया कि अब जिले के सभी समितियां पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत है जिससे अब हर आंकड़े ऑनलाइन उपलब्ध है। समितियां सीएससी के रूप में काम कर रही है जिसमें सेवा सेतु पोर्टल के कार्य हो रहे है। यह मिनी बैंक के रूप में भी कार्य कर रही है। आज सभी समितियो में माइक्रो एटीएम की सुविधा है जिससे किसानो को 10 -20 हजार के लिये बैंक जाने की जरुरत नहीं है।

# मां की हत्या करने वाले बेटे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



▪ शराब के नशे में करता था मारपीट, अधजली लकड़ी से किया वार

अपर सत्र न्यायालय भाटापारा के न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने थाना भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी निवासी आरोपी महेश रजक को अपनी ही माँ की लकड़ी से मारकर हत्या करने के आरोप सिद्ध होने पर आजीवन कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक भाटापारा कैलाश यादव ने बताया कि 31.08.23 को प्रार्थी पुनीत राम वर्मा थाना में उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका मकान दुलारी बाई रजक के घर के पास है, जो अपने लड़का महेश रजक के साथ रहती थी। महेश रजक हमेशा शराब पीकर अपनी माँ के साथ लड़ाई झगड़ा करते रहता था, वह कई बार ऐसा करने से मना किया था। दिनांक 30.08.23 को दोपहर में आरोपी शराब पीकर आया था और अपनी मां से झगड़ा व मारपीट कर रहा था, तभी आवाज सुनकर वह और रामनारायण समझाने के लिए गए तो देखे कि अचानक आरोपी चूल्हा में पड़े पुरानी अधजली लकड़ी को उठाकर अपनी मां दुलारी बाई की हत्या करने की नीयत से उसके सिर में मारा जिससे उसकी माता वहीं जमीन में फर्श पर गिर गयी, जिसे वह और रामनारायण उठाने के लिए दौड़े। कुछ देर बाद दुलारी बाई को ईलाज के लिए जिला अस्पताल बलौदाबाजार लेकर गए थे जहां डॉक्टरों द्वारा चेक कर मृत्यु हो जाना बताया गया। उक्त रिपोर्ट पर थाना द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में घटना स्थल निरीक्षण कर शव ▶▶ शेष पेज 11 पर

### विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर मिली सजा

न्यायालय के समक्ष अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने आरोपी को ऐसे आपराधकारित करने के लिए कठोर दंड से दंडित किए जाने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करने पर आरोपी द्वारा किया अपराध सिद्ध होना पाया इसलिए धारा 302 भा. द. संहिता के तहत आरोपी महेश रजक को आजीवन कारावास एवं आर्थिक दंड की सजा से दंडित किया गया है। शासन की ओर से पैरवी कैलाश यादव एवं प्रकरण की विवेचना निरीक्षक अमित पाटले द्वारा किया गया है।

# पीएम फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने किसानों इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव को देखते हुए सभी ऋणी एवं अऋणी किसान अपने फसलों का शत-प्रतिशत बीमा अनिवार्य रूप से कराने अपील की है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। मुआवजे का प्रावधान - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत किसानों के फसल के बाधित रोपाई/रोपण जोखिम, स्थानीय आपदाओं (ओलावृष्टि, बादल का फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली), फसल कटाई के उपरान्त होने वाले नुकसान से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना और खेती को एक सुरक्षित व लाभकारी व्यवसाय बनाना है। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचालित रूप से कर दिया जाएगा, लेकिन अऋणी कृषकों को कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, बीमा कम्पनी के ब्लॉक प्रतिनिधि, ग्राहक सेवा केन्द्र संबंधित बैंक से सम्पर्क कर ▶▶ शेष पेज 11 पर

# पति की मृत्यु के बाद महिला को मिला 2 लाख का लाभ




**बिलाईगढ़ ।** ग्राम पंचायत पाट निवासी स्वर्गीय छोटेलाल की पत्नी मिनी महिलाने को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपये की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई। छोटेलाल की 30 अप्रैल 2025 को ट्रक दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इसके बाद मिनी महिलाने ने सहायता राशि के लिए कलेक्टर पदमिनी भोई साहू के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी तथा लीड बैंक प्रबंधक के समन्वय से प्रकरण का त्वरित ▶▶ शेष पेज 11 पर

# भाटापारा-हथबंध के बीच 23 व 24 को कई मेमू और पैसेंजर ट्रेनें रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के भाटापारा-हथबंध स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन सेक्शन में ऑटो सिग्नलिंग कमीशनिंग हेतु एनआई का कार्य किया जायेगा । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा 23 जुलाई को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी , गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर, गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर, गाडी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर, गाडी संख्या 68746 रायपुर- गेवरा रोड मेमू पैसेंजर, 24 जुलाई को गाडी संख्या 68745 कोरबा-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। बीच में समाप्त/प्रारम्भ होने वाली गाड़ी 23 जुलाई को झारसुगुड़ा व गोंदिया ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कलेक्टर ने तैयारी के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

# चक्रपाणी स्कूल मैदान में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय समारोह का आयोजन 15 अगस्त 2026 क्रो बलौदाबाजार स्थित पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मैदान में होग़ा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार क्रो स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक में अधिकारियों क्रो जरुरी निर्देश देते हुए जिम्मेदारी सौंपी। समारोह के लिए विभागवार अधिकारियों को अलग-अलग कामों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए वाटर प्रूफ पंडाल लगाने तथा बैठक सहित अन्य तमाम व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे पंडित चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल ग्राउंड में शुरू होगा। मुख्य अतिथि यहां ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इसके पहले सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हो जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे स्टेडियम मैदान में होगा।

### मानसून को देखते हुए वाटरप्रूफ पंडाल के निर्देश

इस बार राष्ट्र गान के पूर्व राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम का भी गायन होगा। समारोह स्थल की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, शामियाना, मंच एवं माईक, पानी व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, शांति एवं यातायात व्यवस्था, मार्च पास्ट परेड, स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, चिकित्सा व्यवस्था, शहीद परिजनों का सम्मान, पुरस्कार वितरण आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में एसपी गौरव राय, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते, ए. आर. टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों क्रे जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# खरोरा से 19 सदस्यीय कांवरिया दल बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सावन माह के पावन अवसर पर खरोरा से 19 सदस्यीय कांवरिया दल बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर, झारखंड) में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। दल के रवाना होने के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारों के बीच कांवरियों का स्वागत कर मंगलमय यात्रा की कामना की। कांवरिया दल बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना करेगा। श्रद्धालुओं में इस धार्मिक यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में शिवभक्ति का माहौल बना रहेगा। कांवरिया दल में भीष्म साहू, पंचराम विश्वकर्मा, रोहित वर्मा, तिजऊ साहू, रामचरण देवांगन, दाऊलाल देवांगन, भूषणलाल देवांगन, नरेश कुमार साहू, रमेश कुमार देवांगन, रुपेश नशीने, लक्ष्मीनारायण देवांगन, जगदीश देवांगन, हेमलाल साहू, टेकराम साहू, महेश निषाद, सुकनंदन धीवर सहित कुल 19 श्रद्धालु शामिल हैं। रवाना होने से पहले परिजनों एवं स्थानीय नागरिकों ने कांवरियों का तिलक लगाकर स्वागत ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप




### हाई स्कूल रिकोकला में शिक्षकों की अनुपस्थिति कलेक्टर से शिकायत

**सेल।** शासकीय आरएमएसए हाई स्कूल रिकोकला में शिक्षकों की अनुपस्थिति और विद्यालय संचालन में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्राचार्य सहित कई शिक्षक अनुपस्थित मिले। उनका कहना है कि विद्यालय के पीछे के प्रवेश द्वार पर ताला लगा था तथा प्राचार्य शासकीय कार्य से कसडोल गए हुए थे। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि एक शिक्षक लंबे समय से नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ध्रुव ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। वहीं संकुल समन्वयक ने कहा कि प्राचार्य शासकीय कार्य से कसडोल गए थे तथा एक शिक्षिका निजी कार्य से अवकाश पर थीं। मामले की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### फार्मेसी काउंसिल में भ्रष्टाचार की शिकायत राज्यपाल से कर जांच की मांग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल में व्याप्त कथित वित्तीय भ्रष्टाचार, विधि-विरुद्ध निर्णयों, सार्वजनिक धन के दुरुपयोग, साक्ष्यों से छेड़छाड़ किए जाने की शिकायत राज्यपाल रमेन डेका से की गई है। शिकायत में बताया गया है कि फार्मेसी काउंसिल के जिम्मेदारों ने की गई शिकायत पर साक्ष्यों से छेड़छाड़, बिना राज्य शासन की स्वीकृति के नियम में संशोधन, अध्यक्ष को नियम विरूद्ध वित्तीय लाभ, रजिस्ट्रार की व्यय सीमा में बढ़ोतरी, मानदेय में बिना नियम के संशोधन किया गया है। आरोप लगाया गया है कि इन घटनाओं से परिषद में वित्तीय अनुशासन का गंभीर ह्रास हुआ है। वैधानिक प्रावधानों की निरंतर अवहेलना की गई है। स्टेट फार्मेसी काउंसिल के सदस्य भगत राम शर्मा, संदीप बजाज, पदेन सदस्य डा. राकेश गुप्ता, राज्यपाल से मांग की गई है कि छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पिछले पांच वर्षों में समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों की राज्य सरकार के मुख्य सचिव द्वारा गठित स्वतंत्र उच्चस्तरीय समिति से जांच कराई जाए।

परिषद के दिनांक 5 सितंबर 2023 से वर्तमान तक के सभी वित्तीय लेन-देन का फारेसिंक ऑडिट कराया जाए और दोषियों पर कठोर कर्रवाई की जाए। नियम विपरीत पारित सभी प्रस्तावों, वित्तीय निर्णयों एवं नियुक्तियों की वैधानिक समीक्षा कर उन्हें तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।

### बढ़ते बिजली बिल के खिलाफ 24 को कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल एवं असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ आम जनता में बढ़ते भारी आक्रोश और लगातार आ रहे अत्यधिक बिजली बिलों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने स्पष्ट मांग की है कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, उन्हें वहां से तुरंत निकाला जाए, नए स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए और बढ़े हुए बिजली बिलों के मामलों की निष्पक्ष जांच कर उनका त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि 24 जुलाई को राजीव गांधी चौक पर होगा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

श्री अग्रवाल ने कहा कि धरना-प्रदर्शन में स्मार्ट मीटर और बिजली बिल की मार झेल रहे है।

# स्वार्थ की नींव पर टिकी आधुनिक मित्रता : पं. लक्ष्मीकांत उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

हम सभी भक्ति का मार्ग छोड़कर शरीर के मोह में उलझे हुए हैं। मानव शरीर को पाकर हम अभिमान करते हैं लेकिन याद रखना चाहिए कि, शरीर मृत्यु के समान है। अंत समय में इसके मिट्टी भी काम नहीं आते। शरीर माला की तरह है। धागा टूटने पर जिस तरह माला बिखर जाता है उसी तरह शरीर भी बिखर जाता है। उक्त बातें भागवत राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पंडित लक्ष्मीकांत उपाध्याय रायपुर वालें ने कही। ग्राम केशला के प्रभात फेरी चौक वार्ड क्रमांक 7 देवांगन परिवार द्वारा यह भागवत कथाआयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ

## सुदामा चरित्र प्रसंग सुनाते रो पड़े कथा व्यास, भक्तों की आंखें हुए नम



### सच्चा मित्र वही जो बिना कहे मित्र की परेशानी समझे

उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को गले लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया-कन्हैया कहकर उन्हें गले लगा लिया और फिर सुदामा को अपने महल में ले गए और उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की आकर्षक झांकी पर फूलों की वर्षा की। कथा के दौरान भगवताचार्य जी ने श्रोताओं को भागवत कथा को अपने जीवन में उतारने की अपील की।

सप्ताह के सातवें दिन मंगलवार को कथावाचक ने व्यास पीठ से सुदामा चरित्र, यदुवंश को श्राप, परीक्षित मोक्ष ,सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया तो भक्त भावविभोर हो उठे। खुद कथा व्यास भी रो पड़े और भक्तों की आंखे भर आई। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।

### मरीज से अभद्रता और जातिसूचक गाली-गलौज का आरोप

# डॉक्टर के साथ मिलकर मरीज से मारपीट, एएसआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला



पलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार रात्रि पुलिस के एक सब-ए एस आई द्वारा एक मरीज के साथ मारपीट करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि पलारी थाना में पदस्थ एएसआई प्रभात साहू ने बिच्छु के काटने से घायल वार्ड में भर्ती मरीज के साथ अभद्रता और मारपीट की,

वहीं मरीज ने थाना पलारी में लिखित शिकायत देकर पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक एवं अस्पताल के एक डॉक्टर पर मारपीट, अभद्र व्यवहार और जातिसूचक गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता संतराम बर्मन (55 वर्ष), निवासी ग्राम धौराभांठी, थाना खरोरा, जिला रायपुर ने बताया कि 19 जुलाई 2026 की रात उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि 20 जुलाई की रात करीब 12:20 बजे वार्ड में उपचार के दौरान थाना पलारी में पदस्थ एएसआई प्रभात साहू एवं अस्पताल के डॉक्टर उमरताज कुरैशी ने उनके साथ मारपीट की। शिकायत में कहा गया है कि घटना के दौरान वार्ड में मौजूद अन्य मरीजों ने भी विरोध किया। पीड़ित का दावा है कि अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मारपीट के साथ जातिसूचक गालियां भी दी गईं, जिससे उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से आघात पहुंचा और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी प्रभावित हुई। संतराम बर्मन ने अपनी शिकायत में संबंधित एएसआई एवं डॉक्टर के विरुद्ध एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर न्याय दिलाने की मांग की है। थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने कहा कि एसपी सर के आदेश पर लाइन अटेच कर दिया गया है और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूरे मामला की जाँच की जा रही है।

## अवैध अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग पर कार्रवाई, मुख्य मार्गों से हटवाए कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



जिले में आम नागरिकों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस के यातायात सेल द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के प्रमुख राजमार्गों, व्यस्त चौराहों और अत्यधिक सघन आबादी वाले व्यापारिक क्षेत्रों में किए गए अवैध अतिक्रमण तथा सड़कों पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान यातायात में बाधा उत्पन्न करने, नो-पार्किंग ज़ोन में वाहन खड़े करने और सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 69 मामलों में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 46,700 रुपये का जुर्माना वसूला। पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे के दिशा-निर्देशन में यह कार्रवाई दानसरा रोड, हरदी बाईपास, भारतमाता चौक, छिंद और टिमरलगा रोड पर संचालित की गई। इस दौरान एसडीओपी स्नेहिल साहू, जिला यातायात प्रभारी जितेंद्र कुमार चंद्रा सहित परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय मार्ग से हटाया गया कब्जा

संयुक्त टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य प्रमुख मार्गों के किनारे दुकानों का विस्तार कर किए गए अवैध कब्जे, अस्थायी शेडों तथा अन्य बाधाओं को तुरंत हटाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों और वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी कि यदि राष्ट्रीय मार्ग या फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अथवा अवैध पार्किंग पाई गई, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई भारत माता चौक और हरदी बाईपास रोड जैसे प्रमुख व सघन आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से की गई। मुख्य मार्गों पर गलत तरीके से पार्क किए गए वाहनों के कारण लग रहे जाम को देखते हुए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। नियमों का उल्लंघन करने वाले 69 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 46,700 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही वाहन चालकों, ढाबा संचालकों एवं पेट्रोल पंप प्रबंधकों को समझाइश दी गई कि वे वाहनों को मुख्य सड़क से लगभग 2.5 से 3 मीटर दूर सुरक्षित स्थान पर ही पार्क कराएं, ताकि यातायात निर्बाध रूप से संचालित हो सके और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सड़कों को सुगम, सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि कोई व्यापारी या नागरिक दोबारा सड़क या फुटपाथ पर दुकान फैलाते, अवैध शेड लगाते या नो-पार्किंग ज़ोन में वाहन खड़ा करते पाया गया, तो उनके विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## अमेठी के नवनिर्मित बाड़ा में हनुमान जी महाराज की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



श्री दूधाधारी मठ रायपुर के पलारी के समीप स्थित ग्राम अमेठी के बाड़ा में नवनिर्मित हनुमान जी महाराज के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। 19 जुलाई को यहां सुबह से ही भजन कीर्तन,अखंड रामायण के साथ यज्ञ -हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों एवं दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने कहा कि -डेढ़ वर्ष पूर्व इस बाड़ा के नवनिर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ था, यह एक स्वप्न की भांति ही मालूम पड़ता है कि इतने कम समय में इतना भव्य बाड़ा श्री बालाजी भगवान की कृपा से बन कर तैयार हो गया। यद्यपि यहां रंगरोधन सहित कुछ अन्य निर्माण के कार्य बांकी है किंतु यह प्रसन्नता का विषय है कि श्री स्वामी हनुमान जी महाराज के लिए यह दिव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। देवशयनी एकादशी के पश्चात मांगलिक कार्यक्रम संपन्न करने की आध्यात्मिक मनाही होती है इसलिए इसका लोकार्पण हम सभी मिलकर कर रहे हैं। यह सर्व सुविधा युक्त बाड़ा ग्राम वासियों के सुख-दुख, सांस्कृतिक, शैक्षणिक कार्यों को पूर्ण करने में सहयोगी होगा। इस अवसर पर विशेष रूप से त्यागी जी महाराज, सुरेश शुक्ला,राघवेंद्र प्रताप सिंह, बृजेश केसरवानी, पंकज अग्रवाल, राकेश दास वैष्णव, हेमंत दुबे, सुखराम दास, राम छवि दास, कमलेश सिंह, योगेश चंद्राकर हितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू, इंद्र कुमार वर्मा, लाल बंधु वैष्णव, लाला वर्मा, त्रयंबकेश्वर वैष्णव, अखिलेश प्रताप सिंह, मानस मंडली पिपरौद से रेखराम साहू एवं उनके साथी मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक गण सम्मिलित हुए।



### अचानक कचना स्कूल पहुंचे बीईओ, बच्चों से लगवाई क्लास

**रायपुर।** कचना स्थित पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला में सोमवार को बीईओ अमित तिवारी अचानक पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति और ऑनलाइन हाजिरी की जांच की। इसके बाद उन्होंने खुद बच्चों की क्लास ली और पढ़ाई का स्तर परखा। कक्षा पांचवीं और आठवीं के छात्रों से सवाल-जवाब किए। इस दौरान बच्चों ने 15 और 16 का पहाड़ा फर्राटे से सुनाया, जिसकी बीईओ ने सराहना की। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पहली कक्षा में लेखन पूर्व अभ्यास के माध्यम से वर्णमाला सिखाने की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। साथ ही दिए जा रहे गृहकार्य की भी जांच की। बीईओ ने स्कूल में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए ।

## चौकीदार ही निकला चोर, भाई के साथ मिलकर चोरी की छड़ काटने की मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण एवं पारदर्शी पुलिसिंग हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में थाना हथबंद पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। ग्राम खिलोरा में निर्माणाधीन हाई स्कूल भवन की सुरक्षा में तैनात चौकीदार ने ही अपने भाई के साथ मिलकर छड़ काटने की कीमती मशीन पार कर दी और खुद को बचाने के लिए पुलिस को गुमराह करते हुए झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी। हथबंद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपी सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी/आरोपी जयनारायण घृतलहरे (46 वर्ष, निवासी खिलोरा) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 जुलाई 2026 की रात वह निर्माणाधीन स्कूल में चौकीदारी कर रहा था। सुबह घर जाने के बाद जब वह लौटा तो दो कमरों के ताले टूटे मिले और उसमें रखी 'बुश' कंपनी की बड़ी छड़ कटिंग मशीन (कीमत 15,000) गायब थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 151/2026 धारा 331(4), 305(ए) बी.एन.एस. दर्ज कर विवेचना शुरू की।



### कड़ाई से पूछताछ में टूटा चौकीदार

विवेचना के दौरान घटनास्थल का मुआयना और परिस्थितियों को देखकर हथबंद पुलिस को प्रार्थी (चौकीदार) पर ही संदेह हुआ। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर पुलिस टीम ने चौकीदार जयनारायण घृतलहरे और उसके भाई किशन कुमार घृतलहरे को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो दोनों टूट गए। आरोपियों ने कबूला कि उन्होंने ही मिलकर चोरी की थी और पकड़े जाने के डर से अज्ञात चोरों के नाम झूठी एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर उनके कब्जे से चोरी की गई 15,000 मूल्य की छड़ कटिंग मशीन विधिवत जब्त कर ली है। दोनों आरोपी भाइयों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। गिरफ्तार आरोपी जयनारायण घृतलहरे पिता डोमार सिंह (उम्र 46 साल) - ग्राम खिलोरा, थाना हथबंद (चौकीदार/मुख्य आरोपी)ख्किशन कुमार घृतलहरे पिता डोमार घृतलहरे (उम्र 30 साल) ग्राम खिलोरा, थाना हथबंद।

### कार्यकर्ताओं को दिया बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का मंत्र

# चरणदास महंत का माहेश्वरी ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के भाटापारा आगमन पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी के भाटापारा स्थित निवास कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं, बाजा, मंत्रोच्चार एवं पुष्पगुच्छों से उनका अभिनंदन करते हुए जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो हर परिस्थिति में जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुख के साथी बनते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदैव किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और समाज के हर वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ती रही है। आज आवश्यकता है कि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, अनुशासन और एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करें तथा जनता के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनहित से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस मजबूती से आवाज उठाती रहेगी और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करेगी।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी ने कहा कि /"नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का भाटापारा आगमन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा लेकर आया है। उनके मार्गदर्शन से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। हम सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा जनता की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, अभिनव यदु, अमर मंडावी,.ष रिंकू भाटिया, किसान नेता कुबेर यदु, लक्ष्मी, अजय ठाकुर, गोपाल साहू, आबिद खान, सुंदर साहू, विवेक अग्रवाल, अशोक तिवारी, राजा तिवारी, मनमोहन कुर्रे, त्रिलोक सलूजा, अयूब बांठिया,पुनीत दास मानिकपुरी, ओमप्रकाश यदु, नरेश चौबे, प्रमेंद्र तिवारी, सत्यनारायण जोशी, गेंदू साव, चंद्रकांत खूँटे, प्रमिला साहू, गोपाल शर्मा, भुनेश्वर शर्मा, तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन ने कलेक्टर व एसपी से की शिष्टाचार भेंट



कसडोल। छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिले के कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक गौरव राय से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से जिले में संचालित सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष राकेश यादव, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रप्रभा ध्रुव, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष नूतन यादव, जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र विश्वकर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष आयुष कैवर्त्य शामिल रहे। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के साथ ही बेजुबान पशुओं की सेवा, सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके अलावा शासन-प्रशासन के सहयोग से नशा मुक्ति अभियान, नारी सम्मान, बाल मजदूरी की रोकथाम, घरेलू हिंसा एवं यौन उत्पीड़न जैसे सामाजिक अपराधों की रोकथाम के लिए भी जनजागरूकता एवं सहयोगात्मक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने भविष्य में भी जिला प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### माता पार्वती जयंती पर की गई पूजा अर्चना



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता पार्वती जयंती पर्व पर पूजा-अर्चना की गई। हिंदू धर्म का एक अत्यंत पावन और आध्यात्मिक पर्व है, जो माता पार्वती के जयंती को जन्म उत्सव के रूप में माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु माता पार्वती और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करते हैं तथा सुखी वैवाहिक जीवन, उत्तम स्वास्थ्य, परिवार की समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति की कामना करते हैं। माता पार्वती को शक्ति, प्रेम, त्याग, करुणा और अटूट तपस्या का प्रतीक माना जाता है। वे भगवान शिव की अर्धांगिनी तथा समस्त संसार की जगत जननी हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, बबली चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर उपस्थित थे।

### सामान्य सभा की बैठक 24 को

**महासमुंद।** जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 24 जुलाई को दोपहर 02 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। बैठक में 16वें वित्त आयोग अंतर्गत विकास योजना निर्माण एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक में अपने विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

**समस्या : ठेकेदार की लापरवाही से गोपालपुर, धौराभाठा व खम्हरिया में पेयजल संकट**

# जल जीवन मिशन की खुली पोल, 2 करोड़ की योजना अधूरी, ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

भारत सरकार ने एक अच्छा योजना लेकर आई है जिसका नाम है जल जीवन मिशन, इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के सभी घरों तक नल पहुंचाकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति करना जो स्वागत योग्य है । और देशवासियों सरकार के अहसानमंद है। लेकिन सरकार के सपना को कंपनी सरकार नहीं कर रही है जिसका उदाहरण जनपद पंचायत बिलाईगढ के आश्रित गोपालपुर गांव में देखने को मिल रहा है। यहां आज से तीन वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य प्रारंभ हुआ था जिसकी स्वीकृति राशि लगभग दो करोड़ है। और उक्त कार्य के कार्य एजेंसी श्री एम के गुप्ता कम्पनी है। काम में बहुत अनमित्ता है। जिसके भुगतना को ग्रामीण भुगत रहे है। मिली जानकारी अनुसार पता चला है। क्लोरीन नेटर मशीन अभी तक नहीं लगा है, स्विच रूम का निर्माण नहीं हुआ है, बाउंड्री के अंदर कांक्रीटीकरण नहीं हुआ है, यहां पानी सप्लाई तो चालू है। लेकिन गांव के अंतिम तक घर तक पानी नहीं पा रही है। और बीस घरों में नल कनेक्शन करना बचा है । कंपनी द्वारा बोर की खोदाई की गई है, उसमें भी पानी का स्त्रोत नहीं मिली है। पूर्व से शासकीय बोर था।उसी मे मोटर लगाकर काम चला रहे हैं।



**भुगतान रोका गया**

मोबाईल से संपर्क करने पर बताया कि अधुरा कार्य होने के कारण ठेकेदार के राशि को रोका गया है।

-**भीम लाल खर्रे,** एसडीओ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बिलाईगढ़

### 2 माह से सप्लाई बंद, खम्हरिया में भी काम अधूरा

कुछ दिन पूर्व जिला स्तरीय जांच टीम गठित की गई थी लेकिन आज पर्यन्त तक अधूरा कार्य को पूरा नहीं किया गया है। ग्रामीण राम नाथ साहू भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं गेंदराम साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि हम लोगों के घर में नल से बहुत कम पानी आती है। मुस्कील से पांच बाल्टी पानी मिल रही है इसी प्रकार गांव के अंतिम छोर के लगभग 15/20 घरों में पानी ठीक से नहीं पहुंच पा रही है । मिली जानकारी अनुसार पता चला है कि क्षेत्र के पंचायत मुख्यालय खम्हरिया में कार्य अधुरा है, पंचायत मुख्यालय धौराभाठा के ग्रामीणों ने बताया कि यहां लगभग दो माह से पानी सप्लाई बंद है। और पाइप डालने के लिए गड्ढे खोदा गया था। उसे सीमेंट से पेंक नहीं किया गया है। जो नालीनुमा दिख रहा है। जिसमें साईकिल एवं मोटरसाइकिल चलने मे दिक्कत हो रही है। ज्ञात हो कि सरकार जनता के सुविधा के लिए सदन में करोड़ों के बजट पास कर घर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सोच पैदा किया है लेकिन सरकार के सोच को ठेकेदार पानी फेर रहा है।अतः ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य को पूर्ण कराने के लिए शासन प्रशासन से मांग की है ताकि सभी लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सके।

## डॉ. खूबचंद बघेल की 126वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्न द्रष्टा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी किसान नेता समाज सुधारक साहित्यकार डॉक्टर खूबचंद बघेल जी की 126वीं जयंती के अवसर पर अर्जुनी राज के राज प्रधान एवं उनके साथी तथा नगर इकाई के सदस्य गण के द्वारा डॉक्टर खूबचंद बघेल चौक पटपर नाका स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। राज प्रधान हरिराम वर्मा एवं अन्य सदस्यों ने डॉक्टर खूबचंद बघेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सदस्य दीपक टिकरिया, नगर प्रमुख रविकांत वर्मा सेवाराम वर्मा, सुरेश वर्मा, रमेश कुमार वर्मा, ज्योतिष राम वर्मा, हेमलाल वर्मा, उदय राम उदल राम वर्मा, महेश वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, सेवक राम वर्मा, परमेश्वर नायक, भूपेंद्र वर्मा, मयंक वर्मा, प्रशांत वर्मा, रूपम वर्मा, जय लाल उपस्थित थे।

## किराएदारों का सत्यापन अनिवार्य, संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल दें सूचना : एसपी



**बलौदाबाजार।** जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गौरव राय (आईपीएस) ने जिलेवासियों से सतर्क रहने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने सभी मकान मालिकों, होटल एवं लॉज संचालकों से अपने किराएदारों और पेइंग गेस्ट का सत्यापन समाधान ऐप पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। बिना सत्यापन किराए पर आवास उपलब्ध कराने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, बिना वैध पहचान के रह रहा कोई व्यक्ति अथवा अवैध रूप से निवास कर रहे विदेशी नागरिकों की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस के टोल-फ्री नंबर 1800-233-1905 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांवों और शहरों में आने वाले अनजान फेरीवालों, कबाड़ियों या अन्य बाहरी व्यक्तियों की पहचान की पुष्टि करें तथा संदेह होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। एसपी ने कहा कि अपराध मुक्त एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में पुलिस और जनता की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है तथा सतर्क नागरिक ही बड़े अपराधों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## कांग्रेसियों ने मरीजों को बांटे फल

**भटगांव।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन मंगलवार को कांग्रेस मंडल भटगांव द्वारा सेवा कार्य के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों के बीच फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके जनसेवा, सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण को प्रेरणादायी बताया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी



लिया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष रामानंद हिरवानी, अप्पू नवरंग, रामसाय बघेल, फिरीत राम खटकर, राकेश मानिकपुरी, अमृत साहू सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आत्मानंद स्कूल में 164 छात्राओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्वामी आत्मानंद पंचम दीवान शासकीय कन्या उच्चत्तर विद्यालय भाटापारा में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ भाजपा कोर कमेटी के सदस्य व पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया शासन की योजना के तहत सरस्वती सायकल योजना के तहत 164 छात्राओं को साइकल वितरण किया गया साथ ही मेघावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य शैलेन्द्र नामदेव की मांग पर विद्यालय परिसर में प्रार्थना शेड निर्माण, अतिरिक्त कक्ष व बाउंड्रीवाल निर्माण की घोषणा की इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप अनंत भाजपा मंडल जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सभी सरपंच गण, सभी शिक्षक गण व वार्ड के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे शाला विकास समिति के अध्यक्ष रोहित साहू टेहका वाले ने शाला परिवार की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## पिता के याद में गिर्रा स्कूल के बच्चों को कराया न्योता भोज



**पलारी।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री पूरक पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय गिर्रा में सेवानीवित्त आर आई स्व जीवनाथ वर्मा के स्मृति में संपूर्ण न्योता भोज का आयोजन उनके परिवारजनों ने किया शोकाकुल परिवार ने उनके शिक्षा के क्षेत्र में लगाव और जुड़ाव, बच्चों को सतत उपहार देने की प्रवृति को ध्यान में रखकर कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए एक दिन का संपूर्ण मध्यान्ह भोजन का खर्च उठाया साथ ही बच्चों को लड्डू, चॉकलेट और उपहार स्वरूप पेन भी बांटे। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित महेंद्र साहू ने जीवनाथ वर्मा के सरल सहज स्वभाव और उनके मिलनसार व्यक्तित्व के बारे में बताते हुए कहा कि वे एक साफ़ और स्वच्छ छवि के व्यक्ति तथा शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने वाले समाज और समुदाय को प्रेरित करने वाला बताया। परिवार से उपस्थिति केशव वर्मा ने उनकी मित्रता से जुड़ी बातों को याद करते हुए बताया कि मित्र भाव लोगों की जीवन के लिए कितने उपयोगी और फायदेमंद होते हैं। इस अवसर पर उनके परिवार से पुत्र ओंकार वर्मा, हेमकुमार वर्मा, पुत्री कृष्णा वर्मा प्रधान पाठक, चंद्रिका वर्मा शिक्षिका, अशोक वर्मा, पूजा वर्मा, रेणु वर्मा, दिशा, माही, प्रणव, आरव, हेमंत समुदाय से राकेश वर्मा, केशव वर्मा, महेंद्र साहू, साला प्रबंधन समिति से अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर उपाध्यक्ष मौजूद थे ।

## चक्रधरपुर मंडल में मेगा ब्लॉक के बावजूद पूरे सावन आरा-दुर्ग के बीच चलेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्रावणी मेला के दौरान बाबाधाम जाने एवं लौटने वाले छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विशेष पहल पर गाड़ी संख्या 13288/13287 आरा-दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस को पूर्ण मार्ग पर पुनः बहाल (रिस्टोर) करने का निर्णय लिया गया है। इससे सावन माह में यात्रा करने वाले हजारों श्रद्धालुओं की यात्रा पहले की तरह सुगम एवं सुविधाजनक होगी।

उल्लेखनीय है कि दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में कंसबहाल-धारुआडीही खंड की




अप एवं डाउन लाइन पर ट्रैक अनुरक्षण एवं आधारभूत संरचना संबंधी आवश्यक कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके कारण दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा साउथ बिहार एक्सप्रेस को विभिन्न तिथियों में दुर्ग-राउरकेला-दुर्ग के मध्य आंशिक रूप से रद्द किया गया था। श्रावणी मेला के महत्व एवं छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विशेष पहल की गई। इसके फलस्वरूप अब साउथ बिहार एक्सप्रेस पूरे सावन माह में अपने प्रारंभिक एवं अंतिम स्टेशन अर्थात आरा–दुर्ग–आरा के मध्य नियमित रूप से संचालित होगी। विशेष परिचालन व्यवस्था के अनुसार आरा से 06, 13, 20 एवं 27 अगस्त को रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13288 आरा–दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस चांडिल–कांद्रा–सीनी परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी, जबकि गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग–आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस अपने नियमित मार्ग से संचालित होगी।

## पेज 9 के शेष

### किसानों को मिलेगा...

प्रदर्शित किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि आज जिले के लिये ऐतिहासिक दिन है जहां किसान समितियों के माध्यम से ड्रोन से खाद व दवाई का छिड़काव कर सकेंगे।ड्रोन की मदद से खाद एवं दवाओं का छिड़काव करने पर समय के साथ मजदूरी की भी बचत कर सकते हैं।ड्रोन तकनीक के उपयोग से कम समय में अधिक क्षेत्र में छिड़काव संभव होगा, रसायनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित होगा तथा किसानों का श्रम और लागत दोनों कम होंगे। साथ ही खेतों में सीधे प्रवेश की आवश्यकता कम होने से फसलों को नुकसान की संभावना भी घटेगी। यह पहल कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर भी सृजित करेगी। उन्होंने कहा कि ड्रोन दीदी ड्रोन चलाएगी जिससे उन्हें आजीविका के साधन उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों को समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है और योजना लागू कर रही है। मंत्री श्री वर्मा ने कृषि में रासायनिक उर्वरक व दवाई के उपयोग के दुसप्रभाव को रेखांकित करते हुए प्राकृतिक व जैविक खेती की ओर लौटने किसानों से अपील की। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से खाद्यान्न की गुणवत्ता में सुधार होता है और भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक बनी रहती है। एक समय हमारे गौवंशी पशु कृषि व्यवस्था का आधार हुआ करते थे और हमारी प्राचीन कृषि परंपराएं ही हमें सतत (सस्टेनेबल) खेती की दिशा में आगे बढ़ाती हैं। इसलिए किसान भाई परंपरागत जैविक खेती को अपनाएं और धीरे-धीरे रासायनिक उर्वरकों पर अपनी निर्भरता कम करें।

### मां की हत्या ...

पंचनामा कर पीएम जप्ती कार्यवाही के बाद गवाहों के कथन लेकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा जुर्म स्वीकार कर घटना के समय पहने हुवे कपड़े, अधजली लकड़ी आदि गवाहों के समक्ष जप्त किया गया तथा संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### पीएम फसल बीमा...

बीमा करा सकते है। नवीनतम् आधार कार्ड की कॉपी, नवीनतम् भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2), बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिसमें खाता क्रमांक एवं आई.एफ.सी. कोड,बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बुवाई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का घोषणा एवं किसान का वैध मोबाईल नम्बर तथा बंटाईदार,कास्तकार,साझेदार किसानों के लिए फसल साझा,कास्तकार का घोषणा पत्र। फसल बीमा उपरांत फसल क्षति जानकारी दर्ज करने हेतु 72 घंटे के भीतर कृषि रक्षक पोर्टल व हेल्पलाईन नम्बर 14447 में कर सकते हैं। साथ ही किसान अपने क्षेत्रीय कृषि विभाग, राजस्व विभाग, संबंधित बैंक या बीमा कम्पनी को भी तय समय-सीमा में सूचित कर सकते है।

### पति की मृत्य...

निराकरण किया गया। समय-सीमा की बैठक के दौरान मिनी महिलाने को 2 लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक सौंपा गया। सहायता मिलने पर उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के पात्र खाताधारकों को नाममात्र के वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जाता है।

### भाटापारा-हथबंध के ...

से चलने वाली 68862/68861 झारसुगुड़ा-गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त व प्रारम्भ होगी तथा बिलासपुर-गोंदिया-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

### खरोरा से 19 ...

किया और उनकी यात्रा की सफलता एवं सुरक्षित वापसी की कामना की। सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए कांवर यात्रा को लेकर क्षेत्र में धार्मिक आस्था का माहौल बना हुआ है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मनोविकास केंद्र में विशेष बच्चों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व जागरूकता शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में मनोविकास केंद्र बलौदाबाजार में प्रबंधन द्वारा जिला अस्पताल बलौदाबाजार के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल टीम के सहयोग से दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक दिवसीय समग्र स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जिला अस्पताल से आए डॉ. कमलेश (शिशु रोग विशेषज्ञ),रोशन लाल (मनोचिकित्सकीय सामाजिक कार्यकर्ता), सत्यरंजन मरकाम (एम.एल.टी.) सहित चिकित्सा दल ने केंद्र में अध्ययनरत 43 विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । प्रत्येक बच्चे का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, शारीरिक मापदंडों का मूल्यांकन तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं का आकलन कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं प्रारंभिक हस्तक्षेप प्रदान किए गए। शिविर के अंतर्गत सभी बच्चों के व्यक्तिगत मेडिकल कार्ड तैयार किए गए, जिनमें उनके स्वास्थ्य संबंधी विवरण, जांच निष्कर्ष एवं चिकित्सकीय परामर्श दर्ज किए गए। शिविर में मनोचिकित्सकीय सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल ने अभिभावकों को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार प्रबंधन, पारिवारिक सहयोग, सामाजिक समावेशन तथा नियमित पुनर्वास सेवाओं के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## 43 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, अभिभावकों को स्वास्थ्य की दी जानकारी



### वर्षा ऋतु की बीमारियों से बचाव की दी जानकारी

उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों के समग्र विकास के लिए परिवार, विद्यालय और चिकित्सकीय टीम के बीच समन्वित प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।इस अवसर पर अभिभावकों एवं बच्चों को वर्षा ऋतु में होने वाली सामान्य बीमारियों एवं संक्रमणों जैसे वायरल बुखार, डायरिया, डेंगू, मलेरिया, त्वचा संक्रमण तथा श्वसन संबंधी रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। चिकित्सकों ने स्वच्छ पेयजल का उपयोग, हाथों की नियमित सफाई, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, मच्छरों से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।चिकित्सा दल ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श, मनोवैज्ञानिक एवं पुनर्वास सेवाओं की निरंतर उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### ई -ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित





**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा समस्त कार्यालयीन कार्य ई ऑफिस के माध्यम से डिजिटल प्लेटफार्म पर किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को ई -ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी -कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने ई-ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य करने पर एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे,सहायक ग्रेड 3 चिरंजीव शर्मा, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ नरेंद्र सिंह, सहायक ग्रेड 2 हेमंत कुमार चंद्रवंशी, जिला कार्यालय शिकायत शाखा से सहायक ग्रेड 3 विनय कुमार महार को प्रशस्ति पत्र दिया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी उपस्थित थे।

### सशिमं खरोरा में पदाधिकारी भैया-बहनों ने ली शपथ

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर, खरोरा में विद्यालय के छात्र पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी पाटकर एवं समस्त आचार्य-दीदियों की उपस्थिति में नव-निर्वाचित पदाधिकारी भैया-बहनों को अपने पद की गरिमा बनाए रखने तथा दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर प्राचार्य अश्विनी पाटकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, संगठन कौशल एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। समारोह में तरुण भारती अध्यक्ष साहिल कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष अमित मनहरे, किशोर भारती अध्यक्ष जितेश दुबे, उपाध्यक्ष चंदन मांडले, बाल भारती अध्यक्ष पार्थ कन्नौजे, उपाध्यक्ष हिमांचल वैष्णव, सचिव दीपांशु वर्मा, उपसचिव युगो सायतोड़े सहित अनुशासन, व्यवस्था, क्रीड़ा, घोष, संगीत, प्रचार-प्रसार, विज्ञान, कन्या भारती एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदियां उपस्थित रहे।

### मानिक को प्रदेश साहू संघ किसान प्रकोष्ठ में सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ किसान प्रकोष्ठ द्वारा संगठन की कार्यकारिणी का गठन करते हुए जिले के मानिक साहू को किसान प्रकोष्ठ में सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन द्वारा जारी मनोनयन सूची में मानिक साहू का नाम शामिल करते हुए उन्हें यह दायित्व प्रदान किया गया है। मानिक साहू ने इस जिम्मेदारी के लिए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और किसानों के हित में निरंतर कार्य करते हुए उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। साहू के सहित किसान एवं सामाजिकजनों ने हर्ष जताया है।

## मौसम : बारिश ने नगर पंचायत लवन की खोली पोल, सड़कों, गलियों में भरा पानी

# मूसलाधार बारिश से जनजीवन बेहाल, खेतों में डूबी धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

रविवार रात्रि से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। पिछले 24 घंटे से रुक रुककर हो रही मुसलाधार बारिश से खेत तालाब में तब्दील हो गए है। जिससे फसलो को नुकसान पहुंचने की आशंका है। रविवार शाम से शुरू हुई मूसलाधार ने किसानों के लिए नई आफत ला दी है। हाल ही में अंकुरित हुई धान की फसल खेतो में डूब गई है। जलभराव के कारण पौधे सड़ने और नष्ट होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है यदि एक दो दिन में खेतों से पानी नही निकला तो फसल बचाना मुश्किल होगा।

वही, पहली बार हुई मूसलाधार बारिश ने ही नगर पंचायत प्रशासन लवन की पोल खोल दी है। पिछले 24 घण्टे से ही रही बारिश ने लवन नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाको में आफत ला दी है। लवन नगर के अधिकांश गली मोहल्लों में पानी भर गया है। ड्रेनेज सिस्टम बनाने में नगर पंचायत लवन नाकाम है।

जिसका खामियाजा शुरुआती बारिश में नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा। रहा है। गौरतलब हो कि लवन नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले 24 घण्टे से रुक रुक कर लगातार बारिश जारी है। वही लगातार हो रही बारिश ने नगर पंचायत लवन के निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है।





### गली-मोहल्लों में जलजमाव, नपं प्रशासन की नाकामी उजागर

पहली ही बारिश में नगर के गली मोहल्लों में पानी भर गया है। नाली की समुचित व्यवस्था कई वार्डों में नहीं होने के कारण गंदा पानी गलियों में जमा हो गया है। वही, जाम नालियों की समुचित साफ-सफाई नहीं होने के कारण पानी निकासी की व्यवस्था की पोल खुल गई है। ड्रेनेज सिस्टम बनाने में नगर पंचायत प्रशासन का अमला नाकाम नजर आ रहा है। यहा हर साल मूसलाधार बारिश होने पर सड़कों व गलियों में पानी का भराव हो जाता है। जिससे मोहल्लेवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जलजमाव होने की वजह से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हुई। हालांकि नगर पंचायत का सफाई अमला ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने में लगे हुए थे। जहा पानी की निकासी नहीं हो रही थी वहीं पानी निकासी के लिए प्रयास किए जा रहे थे।

## कलेक्टर ने 5 दिव्यांगजनों को प्रदान किए सहायक उपकरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले में दिव्यांगजनों को सुविधा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को पांच दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए। बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम शुक्लाभाठा निवासी 8 वर्षीय बालक साहिल यादव को व्हीलचेयर एवं ग्राम सरखोर निवासी दिलीप कुमार पटेल को मोटराइज्ड ट्रायसिकल, नगर पालिका भाटापारा निवासी जितेन्द्र मिरी, सिमगा तहसील के ग्राम बड़े जरौद निवासी रज्जू लहरी, ग्राम हथबंद निवासी साधे रात्रे तथा पलारी तहसील के ग्राम मल्लिन निवासी बुधयारिन साहू को मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदान किया गया।

सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जरूरतमंदों को मिल रही इस मदद से परिवारों को बड़ी सहायता मिल रही है। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने दैनिक कार्य कर सकें।

## नहरडीह में मनाया गया माता पहुंचनी का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

प्रत्येक वर्ष के भाँति इस वर्ष भी ग्राम नहरडीह में माता पहुंचनी का पावन त्यौहार बड़े हर्षोल्लास और धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच अनील सायतोड़े, उपसरपंच सरिता गजेन्द्र साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष पूरण साहू, उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू, कमल साहू, संतराम यादव, पुनाराम मारकंडे, दाऊलाल साहू, गणेशू साहू, परमानंद साहू, शंकर साहू, डोमार यादव, नंदलाल यादव व समस्त ग्रामवासी एकत्रित हुए और शीतला माता, महामाया माता की पूजा-अर्चना की, सेवा समिति वाले द्वारा माता के जस गीत से पूरे गांव में भक्ति का माहौल रहा और सभी ने





मिलकर इस त्यौहार को श्रद्धा के साथ मनाया। ओमप्रकाश साहू ने बताया कि एक दिन पहले रात्रि में गांव बनाया गया जिसमें गांव के सभी देवी - देवताओं की पूजा पाठ किया गया और आषाढ़ महीना के सोमवार के दिन जुड़वास मनाया गया जिसमें शीतला माता से गांव के सभी नर - नारी, पशु, पक्षी के रोग मुक्ति, सुख संमृद्धि, गांव के विकास व प्रगति के लिए प्रार्थना किया गया।

## ग्राम पंचायत कनकी में पौधों का रोपण व वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

ग्राम पंचायत कनकी में मंगलवार दनांक 21.जुलाई को वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला कनकी, पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूल परिसर, आयुष्मान मंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक सेवा कृषि सहकारी समिति एवं सरस्वती शिशु मंदिर, कनकी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच दुर्गेश वर्मा, हाई स्कूल कनकी प्राचार्य सीमा मेश्राम ,सचिव कोमल प्रसाद साहू,



समस्त पंचायत प्रतिनिधियों पंचगण, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला समूह स्वच्छता टीम, मितानिन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामवासियों को निःशुल्क पौधों का वितरण भी किया गया तथा सभी से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर ग्राम पंचायत कनकी को हरित एवं स्वच्छ ग्राम बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जिम, योग और विशेषज्ञ परामर्श जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी उपलब्ध

# निजी व्यवस्था के तहत संचालित होगा संगी मितान नशामुक्ति केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा समाज कल्याण विभाग की योजना के अंतर्गत भाटापारा में विगत नौ माह से जनपद कार्यालय के सामने नशामुक्ति केंद्र का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इस अवधि में अनेक नशा-पीड़ित व्यक्तियों का उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया गया है।

समाज कल्याण विभाग के वर्तमान निर्णय के अनुसार, एक जिले में दो नशामुक्ति केंद्रों को शासकीय योजना के अंतर्गत अनुदान प्रदान करने का प्रावधान नहीं है। इसी कारण भाटापारा स्थित नशामुक्ति केंद्र को शासकीय अनुदान राशि उपलब्ध नहीं कराई जा सकेगी।



संगी मितान सेवा संस्थान ने जनहित एवं नशामुक्त समाज के संकल्प को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्णय लिया है कि यह नशामुक्ति केंद्र अब निजी व्यवस्था के अंतर्गत निरंतर संचालित किया जाएगा, ताकि उपचार एवं पुनर्वास की सेवाएँ बिना किसी बाधा के जारी रहें। निजी स्वरूप में संचालित इस केंद्र में मरीजों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी, जिनमें प्रमुख रूप से वातानुकूलित (एसी) कमरे,चिकित्सकीय निगरानी में डिटॉक्स सुविधा, आधुनिक जिम एवं फिटनेस सुविधा, पौष्टिक भोजन एवं कैंटीन व्यवस्था,अनुभवी चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित काउंसलरों द्वारा उपचार एवं परामर्श, योग, ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास कार्यक्रम, सुरक्षित, स्वच्छ एवं सकारात्मक वातावरण। संगी मितान सेवा संस्थान का उद्देश्य केवल उपचार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि नशा-ग्रस्त व्यक्तियों को पूर्णतः स्वस्थ, आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन की ओर पुनर्स्थापित करना है। संस्था समाज के सभी वर्गों से सहयोग एवं सहभागिता की अपेक्षा करती है ताकि नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ता रहे।

